# समाजसेवी संस्था ने घुमंतू परिवार के लागों को बांटे राशन

नवभारत रिपोर्टर | दुधावा
www.navbharat.org



ग्राम पंचायत दुधावा के बाजार स्थल में महाराष्ट्र के लगभग 6 परिवार के 24 घुमंतू परिवार के लोग कोरोना वायरस के लाकडाऊन के कारण फंसे हुए हैं और बच्चों समेत बाजार स्थल में रह रहे हैं इनके खाने पीने की व्यवस्था पंचायत कर रहा है लेकिन इनके बीच एक समाज सेवी संस्थाएं भी मदद को आगे आ रहे हैं प्रदान सेवी संस्थान नरहरपुर के माध्यम से उन परिवार को जरूरत की खाने पीने की सामग्री चावल, दाल, तेल, सब्जी, का वितरण किया गया. प्रदान संस्था के माध्यम से ऐसे और भी जरूरत मंद लोगों की मदद किया जा रहा है साथ ही सोशल डिस्टेंसिग के चलते नरहरपुर के 55 पंचायतो मे स्वच्छता को लेकर दिवाल लेखन, मास्क का उपयोग, साबुन से हाथ धोना आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है. प्रदान संस्था नरहरपुर के द्वारा महिला सशक्तिकरण व अजिविका को लेकर कई वर्षो से सुचारू रूप से काम कर रहे हैं.

## युवाओं ने मास्क वितरण कर लोगों को किया जागरूक

ग्राम पंचायत डोकला में हिरवेन्द्र साहू पूर्व उपसरपंच के साथ संगवारी युवा समिति डोकला के द्वारा ग्राम की सुरक्षा कोविड 19 से बचाव पर चर्चा की गयी. सतर्कता को ध्यान मे रखकर रहने के सबंध मे जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें ग्राम के लोगों को मास्क वितरण व सार्वजनिक स्थलो में चुना लगा कर एक मीटर की दूरी बनाने सोशल डिस्टेंस व फिनाइल सेनेटरी छिड़काव ग्राम के गलियों व चौक चौहरो में किया गया. 14 अप्रैल तक लॉक डाउन का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में समिति के डोमार यादव, तुलसी साहू, प्रकाश साहू, मुकेश साहू, जागेश नेताम, राजकुमार पांडे, गीतेश पांडे, सुरज भोयर, अशवन नेताम, मनोज नेताम व सदस्य गण की भागीदारी रही.